**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 22-08-2025**

**बोकारो(झारखण्ड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-08-22 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2025-08-23 | 2025-08-24 | 2025-08-25 | 2025-08-26 | 2025-08-27 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 26.0 | 18.0 | 24.0 | 17.0 | 15.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 28.0 | 28.0 | 29.0 | 30.0 | 30.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 24.0 | 24.0 | 24.0 | 24.0 | 25.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 91 | 90 | 92 | 94 | 95 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 71 | 73 | 72 | 70 | 69 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6 | 5 | 6 | 2 | 11 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 277 | 262 | 360 | 63 | 78 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| चेतावनी | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ |

## पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। तापमान में हल्की बढ़ोतरी की संभावना है और हवा की गति सामान्य रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

भारी वर्षा; गरज और बिजली, तूफान आदि; तेज सतही हवाएं

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी 5 दिनों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान के कारण अंतर-कृषि कार्य, पौध संरक्षण उपायों और खड़ी फसलों पर उर्वरकों के प्रयोग को स्थगित कर दें। कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थानों पर रखें। सब्जियों के पौधों को बारिश से बचाने के लिए उन्हें पॉलीथीन से ढक दें। मक्का, कंद फसलों, उर्द, मूंग तथा सब्ज़ियों में जल निकासी करें। साथ ही साथ खेत में डोभा के निर्माण के माध्यम से यथास्थान संरक्षण और जल संचयन के माध्यम से वर्षा जल का प्रबंधन (निचले सिरे पर भूमि क्षेत्र के 1/10वें भाग पर) करें। जो सूखे दिनों मे फसलों की जल आपूर्ति को पूरा करने मे मदद कर सकते हैं। आर्द्रता 80% से अधिक और बारिश होने की संभावना है, इसलिए धान में रोग और कीट संक्रमण की संभावना होगी, किसान भाई खड़ी फसलों एवं सब्जियों को खरपतवारों से बचाने के लिए निराई-गुड़ाई करें। विभिन्न सब्जियों /फसलों के खेतों में जल निकास के लिए बनी नालियों को सुदृढ रखें तथा रोपा धान के खेत में जल जमाव बनाए रखने के लिए खेत के मेढ़ को दुरुस्त रखें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| जिन किसान भाइयों ने 2 से 3 सप्ताह पहले धान की रोपाई की हो वे धान में नत्रजन की शेष 50% मात्रा में से 25% नत्रजन का भुरकाव करें। शेष 25% का भुरकाव रोपाई के 6 सप्ताह बाद करें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मक्का | मक्के के फसल जो धनबाल के अवस्था में है, उनमे यूरिया का बचा हुआ भुरकाव 26 किलोग्राम प्रति एकड़ के दर से करें। मक्के की फसल जहाँ भुट्टे में दाने लग रहे हैं, उनकी रखवाली का समय आ गया है। इसके लिए किसान खेतों में खम्भों के सहारे चमकीले फीता बांध दें, इस फीता पर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश द्वारा उत्पन्न चमक को देख कर पक्षी दूर भागते हैं। |
| चावल | रुक-रुक कर शुष्क और गीले मौसम की स्थिति, जीवाणु पत्ती झुलसा रोग और परणछद आंगमरी जैसे बीमारियों के लिए अनुकूल है। रोग को फैलने से रोकने के लिए हेक्साकोनाजोल + प्लांटोमाइसिन 1.0 ग्राम/ लीटर के साथ पत्तियों पर छिड़काव करें। यदि नर्सरी में ब्लास्ट की समस्या दिखाई दे तो टेबुकोनाजोल 50% + ट्राइफ्लॉक्सीस्ट्रोबिन 25% WG @ 0.4 ग्राम या आइसोप्रोथियोलेन 40EC @ 1.5 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। 7-10 दिन के अंतराल पर छिड़काव को दोहराएँ। छिड़काव साफ़ मौसम देख कर ही करें। |
| चावल | इस समय धान की फसल वानस्पतिक अवस्था में है। वर्तमान मौसम को देखते हुए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे फसल की नियमित निगरानी करें, यदि पत्ती मोड़क या तना छेदक की संख्या ETL से अधिक है तो कार्टेप 4% दाने @ 10 किग्रा/एकड़ की दर से छिड़काव करें। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे तना छेदक की निगरानी के लिए धान के खेतों में 3-4/एकड़ की दर से कीट विशिष्ट फेरोमोन ट्रैप लगाएं। छिड़काव साफ़ मौसम देख कर ही करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गोभी | किसान भाई शेडनेट में फूलगोभी की खेती के लिए जाएं, बीज दर हेतु 320-350 ग्राम प्रति एकड़ लें। गोबर की खाद 80 से 100 किलोग्राम प्रति एकड़, यूरिया 105 किलोग्राम, 150 किलोग्राम स्फुर, 40 किलोग्राम पोटाश प्रति एकड़ के दर से डालें। उन्नत किस्में है - पूसा कटकी, पूसा दीपाली, पूसा हिमज्योति, पंत सुभ्रा 4 |
| बैंगन | बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए, मिर्च और बैंगन में फल सड़न का प्रकोप होने की संभावना है। यदि दिखाई दे, तो कार्बेन्डाजिम 50% WP @ 2 ग्राम/लीटर पानी या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50% WP @ 3 ग्राम/लीटर पानी का छिड़काव करें। यदि आवश्यक हो, तो 15 दिनों के अंतराल पर दूसरा और तीसरा छिड़काव करें। छिड़काव साफ़ मौसम देख कर ही करें। |
| टमाटर | टमाटर की फसलों मे पीला मोजेक विषाणु के प्रकोप देखे जा रहें है। इसमे टमाटर की पत्तियाँ सिकुड़ने लगती है तथा पत्तियों मे पीला रंग दिखाई देने लगता है। यह सफेद साफे मक्खी के द्वारा फैलता है। इसके लिए किसान भाई चिपचिपा जाल 3 से 5 प्रति एकड़ के दर से खेतों मे लगाएँ। संक्रमित पौधो को उखाड़ कर फेक दें, जिससे ये बाकी फसलों पर ना फ़ेल पाये। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | वर्तमान मौसम में पशुओं में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा अधिक है। इसलिए पशुओं को खुला न छोड़ें तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पशु दूषित पानी न पिएं, अन्यथा पशुओं को अधिक चरने से अपच हो सकती है। पशु चिकित्सक से परामर्श के बाद बड़े पशुओं को नेवलोन 50 ग्राम या सल्फाडिमिडीन 1 किलो प्रतिदिन दो बार तथा छोटे पशुओं को 250 ग्राम प्रतिदिन दो बार दें। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| कृषि क्षेत्र | नए बाग लगाने हेतु किसान भाई अमरूद, लीची, नींबू तथा आम के पौधे इस माह के अंत तक लगा दें। नए बागों के लिए बनाए गए गड्ढों मे गोबर की खाद मिला कर रीजेंट दानेदार 10 ग्राम प्रति गड्ढों मे डाल कर भर दें जिससे मिट्टी मे मौजूद हानिकारक कीटों से पौधों का बचाव हो सके। |
| पौध - संरक्षण | आने वाले दिनों मे बादल छाए रहने की संभावना को देखते हुए उर्द और मूंग में फली छेदक कीट की संभावना है, इसके बचाव हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल @ 1 मिलीलीटर प्रति 10-लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। छिड़काव साफ़ मौसम देख कर ही करें। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| फसलों का गिरना |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| सब्जी नर्सरी को सहायता प्रदान करें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**